समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# प्रिया नायर को मिली नई जिम्मेदारी, रॉकेट की स्पीड से भागे HUL के शेयर ; बाजार को रास आया कंपनी का फैसला।

Publisher

Published on 12 Jul 2025



**HUL के 92 साल के इतिहास मे पंहली बार महिला बनीं CEO और MD, प्रिया नायर की नियुक्ति की खबर के बाद शेयरों मे आंई 5% की उछाल।**

**मुंबई :** हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (**HUL**) ने शुक्रवार को जैसे ही **प्रिया नायर** को अपना अगला **मैनेजिंग डायरेक्टर** और **सीईओ** नियुक्त किया, कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। HUL के शेयर दिन के कारोबार में 5 प्रतिशत की बढ़त के साथ **₹2529.85** पर पहुंच गए। यह तेजी बाजार की उस सकारात्मक प्रतिक्रिया को दर्शाती है, जो कंपनी के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद देखने को मिली।

### कौन है प्रिया नायर ?

**प्रिया नायर** इस समय **HUL** की पैरेंट कंपनी यूनिलीवर में **ब्यूटी एंड वेलबीइंग डिविजन** की प्रेसिडेंट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने **HUL** में अपना सफर 1995 में बतौर मैनेजमेंट ट्रेनी शुरू किया था और अब वे कंपनी की पहली महिला **CEO** और **MD** बनने जा रही हैं — जो कि **HUL** के 92 वर्षों के इतिहास में पहली बार हो रहा है।

### किसकी जगह लेगी प्रिया ?

**रोहित जावा**, जो वर्तमान में कंपनी के **मैनेजिंग डायरेक्टर** और **सीईओ** हैं, वे **31 जुलाई 2025** को अपना पद छोड़ देंगे। इसके बाद 1 अगस्त 2025 से **प्रिया नायर** उनका स्थान संभालेंगी। रोहित दो साल तक इस पद पर रहे और कंपनी को मजबूती से आगे ले गए।

### शेयर बाजार की प्रतिक्रिया

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, **HUL** के शेयरों पर नजर रखने वाले 44 एनालिस्ट्स में से:

१. **28 ने शेयर को 'खरीदे (Buy)' की रेटिंग दी**

२. **12 ने 'होल्ड (Hold)' की सलाह दी**

३. **4 ने 'बेचे (Sell)' की रेटिंग दी**

४. **इससे स्पष्ट है कि बाजार ने प्रिया की नियुक्ति को एक सकारात्मक नेतृत्व बदलाव के रूप मे देखा है।**

### प्रिया का अब तक का सफर

१. **2014-2020:** HUL में होम केयर सेगमेंट की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर

२. **2020-2022:** HUL में ब्यूटी एंड पर्सनल केयर डिविजन की प्रमुख

३. **यूनिलीवर मे डंव, सनसिल्क, क्लीयर जैसे ब्रांड्स के साथ €13.2 बिलियन का कारोबार संभाला**

४. **यूनिलीवर के वैश्विक नेतृत्व का हिस्सा बनीं और ब्यूटी इनोवेशन की दिशा मे उंल्लेखनीय कार्य किया**

### कितने समय के लिए बनीं CEO?

**प्रिया नायर** की नियुक्ति 5 वर्षों के कार्यकाल के लिए हुई है, जो कि **31 जुलाई 2030** तक प्रभावी रहेगी।

### कंपनी का बयान

**HUL** की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया:

"प्रिया नायर एक अनुभवी, दूरदर्शी और संवेदनशील नेता हैं जिन्होंने यूनिलीवर और HUL दोनों में उत्कृष्ट नेतृत्व दिया है। हमें गर्व है कि वह अब CEO और MD के रूप में कंपनी की कमान संभालेंगी।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.